2018-19

विविधा

ACCREDITED WITH GRADE

B

NAAC

GOVT. PT. SHYAMACHARAN SHUKLA COLLEGE

(Shankar Nagar) DHARSIWA, Dist. Raipur (C.G.)

E.mail Id- gcollegedharsiwa@ymail.com Web site- www. gpssc.in contact No.9893043414

Memories of NAAC Visit

[17th -18th January 2019]

Interaction with Students

Interaction with Parents

Visit of Vice-Chancellor (Pt.RSU)

Meeting with Vice Chancellor

Cultural Evening

Exit Meet

Momento/Memories

विविधा 2018–19

Govt. Pt. Shyamacharan ShuKla College
(Shankar Nagar) Dharsiwa Raipur (C.G.)
जल है
तो
कल

NAAC
UGC
IQAC

विविधा

वार्षिक पत्रिका

सत्र 2018–19

संरक्षक

डॉ. डी.एस. जगत

(प्राचार्य)

पत्रिका समिति

सुश्री अदिति भगत (पत्रिका प्रभारी)

डॉ. सुनीता दुबे (सदस्य)

डॉ. रश्मि कुजूर (सदस्य)

शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय

(शंकर नंगर) धरसींवा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

E-mail- gcollegedharsiwa@ymail.com, Website – www.gpssc.in, Contact No-9893043414

संपादकीय

सृजन एक मानसिक प्रक्रिया है जिसमें नये विचार, उपाय या अवधारणा का जन्म होता है।

सृजनात्मकता युवा वर्ग में प्रायः सामान्य गुण के रूप में होता है, उनमें न केवल मौलिकता का गुण होता है, वरन उनमें लचीलापन, प्रवाहमयता, प्रेरणा एवं ओजपूर्णता की योग्यता भी पाई जाती है। महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं किसी भी महाविद्यालय की उर्जा का स्त्रोत होते हैं जिनमें कलात्मकता व सृजनात्मकता की अपार संभावनाएं व्याप्त होती हैं, आवश्यकता होती है तो केवल उन्हें अवसर व अभिप्रेरणा प्रदान करने की और हमारी महाविद्यालयीन वार्षिक पत्रिका "विविधा" यही अवसर व माध्यम प्रदान करने का उद्देश्य रखती है।

विविधा के अब तक के सभी अंको में विद्यार्थियों व माहाविद्यालयीन स्टाफ ने अपनी लेखन व साहित्यिक कृतियों को प्रस्तुत करने में रुची दिखाई है, निश्चित ही इसी सहभागिता ने विविधा को आकर्शक रुप प्रदान करने में मुख्य भूमिका निभाई है। पत्रिका न केवल अपनी लेखन सृजनात्मकता को प्रस्तुत करने का माध्यम प्रदान करती है, अपितु वार्शिक अकादमिक गतिविधियों को भी संजो कर रखने का स्थान देती है।

विविधा 2018–19 भी इन्हीं विविधताओं को एकरुपता प्रदान किये, अपने परंपरागत भाव व नवीन स्वरुप के साथ पाठकों के लिये सहर्श प्रस्तुत है।

(सुश्री. अदिती रानी भगत)
पत्रिका प्रभारी

प्राचार्य की कलम से........

शैक्षणिक उत्कृष्टता, व्यक्तित्व विकास व समाजिक उन्मुखिकरण का उद्देश्य लिए शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा अपने विकासपथ पर निरंतर अग्रसर है। अपने ध्येय वाक्य ***"जननी जन्म भूमि च स्वर्गादपि गरीयसी"*** की दिशा पर चलते हुए महाविद्यालय अपने आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्ष का प्रचार–प्रसार, ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार हेतु मार्गदशन करना, वैश्विक ज्ञान से गाँव के छात्र–छात्राओं को जोड़ना, विद्यार्थियों में अनुशासन, तर्कशीलता, वैज्ञानिक चेतना, स्वविवेक व आचरण का विकास करना व समाज के कमजोर वर्ग के छात्र–छात्राओं को प्रबल बनाने का सार्थक प्रयास करता रहा है। निश्चित ही इन्हीं प्रयासों के फलस्वरुप महाविद्यालय ने सत्र 2018–19 में अपने प्रथम नैक मूल्यांकन में ही 'B' ग्रेड प्राप्त कर लिया।

महाविद्यालयीन पत्रिका किसी भी महाविद्यालय का दर्पण होती है, जिसके माध्यम से महाविद्यालय की सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ साहित्यिक रुचि का भी पता चलता है। हमारे महाविद्यालय की वार्शिक पत्रिका "विविधा" अपने संकलन में विविधता को पिरोये इस बात का प्रमाण है कि विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय परिवार प्रतिबद्ध है व इस क्षेत्र में हम निरंतर सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं।

विविधा सम्पूर्ण महाविद्यालय के विचारों की अभिव्यक्ति के विभिन्न रंगों से सजी संस्था के विकास के साक्ष्य के रुप में निरंतर प्रकाशित होती रही है, जिससे की महाविद्यालय की चहुमुखी विकास की जानकारी प्रदशित हो सके।

डॉ. डी.एस. जगत
(प्राचार्य)
शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवा – रायपुर (छ.ग.)

उमेश पटेल
मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा, कौशल विकास,
तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार,
विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

मंत्रालय कक्ष क्रमांक- M1-12
महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर 492002 (छत्तीसगढ़)
फोन : 0771-2510316, 2221316
नि.: D-1/2, शास. आवासीय परिसर, देवेन्द्र नगर, रायपुर
फोन : 0771-2881030
ग्राम व पोस्ट नंदेली, जिला-रायगढ़ कार्यालय: 7000477747

क्रमांक B/1234 दिनांक 26/07/2019

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, रायपुर द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "विविधा" का प्रकाशन किया जा रहा है। छात्राओं के रचनात्मक ऊर्जा के विकास, सृजन–क्षमता का प्रदर्शन, व्यक्तित्व एवं अभिरूचि को विकसित करने के लिए महाविद्यालयीन पत्रिका एक सशक्त माध्यम होती है।

आशा है महाविद्यालय पत्रिका "विविधा" महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियां एवं छात्राओं के साहित्यिक, सांस्कृतिक, सृजनात्मकता को विकसित एवं प्रकाशित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

महाविद्यालयीन पत्रिका प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(उमेश पटेल)

श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्र.-47, धरसींवा
जिला - रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय : दादा गुरू कंस्ट्रक्शन, सांकरा (निको) जिला-रायपुर (छ.ग.)
निवास : रायपुर- म.क्र. 14, अवनि प्राईड दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
स्थाई निवास : विष्णु निवास, ग्राम-टेकारी, पो.-गिरौद तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो. : 94242-00122

क्रमांक : 178 दिनांक 22.01.19

शुभकामना संदेश

प. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसीवा (रायपुर) के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक पत्रिका "विविधा" का प्रकाशन किया जा रहा है, यह जानकर प्रसन्नता हुई। महाविद्यालय की यह प्रत्रिका के माध्यम से छात्र छात्राओ के रचनात्मक लेखन एवं बौद्धिक विकास में वृद्धि होगी। वार्षिक पत्रिका महाविद्यालय के वर्षभर की गतिविधियो का दर्पण सिध्द होगी।

इस पत्रिका के प्रकाशन हेतु मैं महाविद्यालय परिवार एवं छात्र छात्राओ को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ।

Anita Sharma
(अनिता शर्मा)

डॉ. केशरी लाल वर्मा
कुलपति

Dr. Keshari Lal Verma
Vice Chancellor

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) भारत
Pt. Ravishankar Shukla University
Raipur (Chhattisgarh) - 492010-INDIA
Office : +91 771-2262857
Fax : +91 771-2263439
E-mail : vc_raipur@prsu.org.in
Website : www.prsu.ac.in
Mobile : 08527324400

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल, 2019

शुभकामना

यह जानकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई कि शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा, रायपुर द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **'विविधा'** सत्र 2018–19 का प्रकाशन किया जा रहा है। किसी भी शैक्षणिक संस्था का उद्देश्य अपने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ–साथ बौद्धिक एवं मानसिक रूप से सक्षम बनाना है। महाविद्यालयीन पत्रिका विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं अभिरुचि को विकसित एवं प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम होती है। इसके माध्यम ये युवाओं के सृजनात्मक प्रतिभा एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को पथ प्रदर्शित किया जाएगा, ऐसा विश्वास है।

'विविधा' में महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों की साहित्यिक, सांस्कृतिक सृजनात्मकता को यथोचित स्थान मिले।

महाविद्यालय परिवार को मेरी अशेष शुभकामनाएँ।

(केशरी लाल वर्मा)

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय,
(शंकर नगर) धरसींवा
रायपुर (छत्तीसगढ़)

विविधा

वार्षिक पत्रिका 2018-19

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय/शीर्षक	संकलनकर्ता	कक्षा/विभाग
	विशेष उपलब्धि		
01.	महाविद्यालय का नैक प्रत्यायन	-	-
02.	महाविद्यालय का गौरव	-	-
03.	प्रोत्साहन पुरस्कार - गोल्ड मेडल	-	-
	कविता		
04.	शब्द सुमनांजलि	डॉ. मीता अग्रवाल	अतिथि व्याख्याता, हिन्दी विभाग
05.	मैं ढूंढ रहा हूं	गोपाल अग्रवाल	एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर राज.विज्ञान
06.	वक्त (समय)	वरूण साहू	एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर
07.	मेरा गाँव बहुत प्यारा था	गोपाल अग्रवाल	एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर राज.विज्ञान
08.	अमर श्रद्धांजलि	आरती देवांगन	एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिन्दी
09.	माँ तुम भगवान का रूप हो	दुर्गेश्वरी कश्यप	स्वयं सेवक, रा.से.यो.
10.	आव्हान	आरती देवांगन	एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर
11.	पानी पानी कर देंगे	रिकेश्वरी वर्मा	एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर
12.	कागज का है खेल सलोना	दुर्गेश्वरी कश्यप	एम.ए. द्वितीय, हिन्दी
13.	बचपन	भागवत देशमुख	बी.एस.सी. प्रथम
	छत्तीसगढ़ी छटा		
14.	बेटी	डॉ. मीता अग्रवाल	अतिथि व्याख्याता, हिन्दी विभाग
15.	मोर मन के बात मैं बतांव कइसे	योगेश्वरी गोस्वामी	एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिन्दी
16.	का कहिबे संगवारी जमाना शराब के बीके हे	रिकेश्वरी वर्मा	एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिन्दी
17.	भ्रष्टाचार	योगेश्वरी गोस्वामी	रा.से.यो. स्वयं सेवक
18.	मे किसान के बेटा अंव	कृष्ण कुमार साहू	बी.ए.तृतीय
19.	मोर धरसींवा गाँव	प्रफुल्ल वर्मा	बी.कॉम. प्रथम
	लघु कथायें		
20.	हाथी और बंदर	सुरेखा वर्मा	एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिन्दी
21.	मिट्टी और कुंभकार	सुरेखा वर्मा	एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिन्दी
22.	बुरे वक्त की जमा पूंजी	प्रतिमा साहू	एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिन्दी
23.	धान के खेत में चोर - एक सत्यकथा	तोरण वर्मा	बी.ए. तृतीय

	ज्ञानवर्धक		
24.	विद्यार्थी के लिए चाणक्य नीति का महत्व	सुश्री. अदिति भगत	सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य
25.	आओ बूझे छत्तीसगढ़ी जनऊला	डॉ. मीता अग्रवाल	अतिथि व्याख्याता हिन्दी साहित्य
26.	जनउला पहेलियाँ	अन्नपूर्णा साहू	एम.ए. द्वितीय, हिन्दी
27.	मतदान	दुगेश्वरी कश्यप	स्वयं सेवक रा.से.यो.
	आलेख		
28.	स्वतंत्र भारत और युवा	डॉ. श्रीमती शबनूर सिद्दिकी	प्राध्यापक, इतिहास
29.	National Cabet Corps (NCC)	Dr. Sushama Mishra	Asst. Prof. (English)
30.	Optimism	Dr. Sunita Dubey	Asst. Prof. (Commerce)
31.	जनजातियों में तत्वदृष्टि एवं जीवन दृष्टि की प्रकृति	डॉ. रश्मि कुजूर	सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र
32.	Self Discipline	Dr. Sanjay Kumar Singh	Asst. Prof. Commerce), Program Officer (N.S.S.)
33.	Time Management	Miss Aditi Bhagat	Asst. Prof. (Commerce)
	विभागीय अकादमिक उपलब्धियाँ		
34.	प्राचार्य के कार्य	–	–
35.	इतिहास विभाग	डॉ. श्रीमती शबनूर सिद्दिकी	प्राध्यापक (इतिहास)
36.	राजनीति विभाग	डॉ. श्रीमती संध्या सिंगारे	प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)
37.	वनस्पति शास्त्र विभाग	श्री कौशल किशोर	सहा.प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र)
38.	हिन्दी विभाग	डॉ. मीता अग्रवाल	अतिथि व्याख्याता (हिन्दी साहित्य)
39.	अंग्रेजी विभाग	डॉ. सुषमा मिश्रा	सहा.प्राध्यापक (अंग्रेजी साहित्य)
40.	भौतिकशास्त्र विभाग	श्रीमती जी. नाग भार्गवी	सहा.प्राध्यापक (भौतिक शास्त्र)
41.	वाणिज्य विभाग	डॉ. श्रीमती सुनीता दुबे	सहा.प्राध्यापक (वाणिज्य)
42.	समाजशास्त्र विभाग	श्रीमती रश्मि कुजूर	सहा.प्राध्यापक (समाज शास्त्र)
43.	रसायन शास्त्र विभाग	श्री हेमंत कुमार देशमुख	सहा.प्राध्यापक (रसायन शास्त्र)
44.	गणित विभाग	कु. अर्चना तिवारी	अतिथि व्याख्याता (गणित)
45.	क्रीड़ा विभाग	श्री अनिल कुमार महोबिया	क्रीड़ा अधिकारी
46.	NCC	डॉ. सुषमा मिश्रा	Associate NCC Officer
47.	NSS	श्री संजय कुमार सिंह	कार्यक्रम अधिकारी
48.	Red Cross	डॉ. सुनीता दुबे	प्रभारी
49.	Red Ribbon Club	–	प्रभारी

विशेष उपलब्धियाँ

महाविद्यालय का नैक प्रत्यायन

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद
NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL
An Autonomous Institution of the University Grants Commission
Certificate of Accreditation
The Executive Committee of the National Assessment and Accreditation Council on the recommendation of the duly appointed Peer Team is pleased to declare the Government Pt. Shyamacharan Shukla College Dharsiwa, Dist. Raipur, affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University, Chhattisgarh as Accredited with CGPA of 2.02 on seven point scale at B grade valid up to February 07, 2024
Date : February 08, 2019
Director

शासकीय पं श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय (शंकर नगर) धरसींवा, रायपुर ने सत्र 2017–18 से नैक प्रत्यायन की दिशा में अपने कदम अग्रसर किये। तदपश्चात् सत्र 2017–18 व 2018–19 के निरन्तर प्रयास, प्राचार्य के सफल नेतृत्व व मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय परिवार के अथक परिश्रम व इस संस्था से जुडें प्रत्येक शुभचितक के सहयोग के फलस्वरुप महाविद्यालय ने बी. ग्रेड प्राप्त किया।

नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया में, नैक द्वारा संस्था का SSR (Self Study Report) स्वीकृत होने के प्श्चात् नैक निरीक्षण टीम का आगमन (NAAC Peer Team Visit) दिनांक 17–18 जनवरी 2019 को महाविद्यालय में हुआ। सदसीय टीम जिसमें चेयरपर्सन डॉ. वी गोपाला रेड्डी, मेम्बर कोर्डिनेटर डॉ. राजेन्द्र कांकरिया व मेम्बर डॉ. पंडयाराजन वल्लीमुत्थु शमिल थे, द्वारा संस्था का भौतिक मूल्यांकन किया गया, जिसके अंतर्गत टीम ने महाविद्यालयीन अधोसंरचना, लैब, ग्रंथालय, कार्यालय, विभिन्न विभाग, क्रीड़ा, इकाई जैसे NSS, NCC, Red Cross, अन्य सुविधायें जैसे पेय जल, Girls common Room, Waste management, इत्यादि का निरीक्षण किया, साथ ही शैक्षणिक स्टाफ, छात्र, अभिभावक व भूतपूर्व छात्रों से विशेष बैठकों के माध्यम से महाविद्यालय, शिक्षा, आकदमिक विकास इत्यादि पर चर्चा की। प्रथम दिवस के अंत में छात्र–छात्राओं ने छत्तीसगढ की संस्कृति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

विज़िट के दूसरे दिवस पूर्वनियोजित अंतिम पड़ाव में EXIT MEET आयोजित की गई, जिसमें प्राचार्य ने महाविद्यालय का दर्पण सार के रुप में प्रस्तुत किया व प्रत्यायन की दिशा में किये सम्पूर्ण प्रयासों की विवेचना की, साथ की पियर टीम के सहयोगात्मक, सोहाद्रपूर्ण व अभिप्रेरणात्मक व्यवहार के लिये आभार अभिव्यक्त किया। चेयरपर्सन डॉ. रेड्डी ने निरीक्षण के दौरान अवलाकित बिन्दुओं पर चर्चा की व महाविद्यालय की विकासशीलता की सराहना की। अपने उद्बोधन के पश्चात् चेयरपर्सन द्वारा गोपनीय रिपोर्ट प्राचार्य डॉ. डी.एस. जगत को सौंपी गई। कार्यक्रम के अंत में आई.क्यू.ए.सी. कोर्डिनेटर डॉ. जी नाग भर्गवी द्वारा आभार अभिव्यक्त कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

पियर टीम विज़िट के 20 दिवस में ही दिनांक 08 फरवरी 2019 को महाविद्यालय को बी. ग्रेड का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। निश्चित की महाविद्यालय के लिए गौरव व संतोष की बात है कि, प्रथम प्रयास व अपने स्वयं के भवन की प्राप्ति के छठवें वर्ष में ही संस्था ने सफलतापूर्वक नैक प्रत्यायन करा अच्छा ग्रेड भी प्राप्त कर लिया। साथ ही संस्था ने अपने लिय एक मानक भी स्थापित कर लिया है, कि अगले नैक प्रत्ययान तक स्वयं को कितना आगे ल जाना है, कि संस्था का सम्मान व विकास बना रहे व उत्तरोत्तर वृद्धि करे।

महाविद्यालय का गौरव

प्रदीप वर्मा बी.काम. प्रथम वर्ष के छात्र द्वारा ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता जैवलिन थ्रो (भाला फेक) में राष्ट्रीय स्तर पर बैंगलोर में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया एवं महाविद्यालय में खेल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया ।

प्रोत्साहन पुरस्कार (गोल्ड मेडल)

महाविद्याालय में अध्ययनरत नियमित छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक/अकादमिक/सांस्कृतिक/खेलकूद आदि गतिविधियों की ओर रुझान को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी प्रोत्साहन स्वरूप गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

सत्र 2018–19 में प्रदत्त स्मृति/प्रोत्साहन पुरस्कार (गोल्ड मेडल)

क्र	पुरस्कार/(गोल्ड मेडल) का नाम	पुरस्कार प्रायोजक का नाम	विद्यार्थियों का नाम
1.	स्व. श्रीमती सुखमत बाई जी स्मृति में Best Student of The Year	डॉ. डी. एस. जगत, प्राचार्य	कु.भावना साहू एम.एससी. चतुर्थ सेमे.
2.	स्व. श्री शिवजी भाई पटेल स्मृति पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ छात्र – स्नातक विज्ञान संकाय)	माननीय श्री देवजी भाई पटेल, पूर्व विधायक धरसींवा,	कु. राजेश्वरी कश्यप बी.एससी. अंतिम बॉयो
3.	स्व. श्रो तुलसी भाई पटेल स्मृति पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ छात्र–स्नातक कला/वाणिज्य संकाय)	माननीय श्री देवजी भाई पटेल, पूर्व विधायक धरसींवा,	कु. ऐश्वर्या बी.ए.अंतिम
4.	स्व.हाजी मो. खलील सिद्दीकी (पिता) की स्मृति में पुरस्कार इतिहास विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी	डॉ. श्रीमती शबनूर सिद्दीकी प्राध्यापक (इतिहास)	कु.हेमपुष्पा वर्मा बी.ए. अंतिम
5.	स्व. श्री मंगल प्रसाद जी बंछोर स्मृति पुरस्कार (सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी एम.एससी. गणित)	श्री दिलेन्द्र बंछोर अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति शा. पं. श्यामाचरण शुक्ल महावि,धरसींवा	कु. शीतल वर्मा एम.एससी. गणित चतुर्थ सेमे.
6.	स्व. डॉ. आर.पी. चौधरी स्मृति पुरस्कार (सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी एम.ए. राजनीति शास्त्र)	डॉ. श्रीमती संध्या सिंगारे प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र)	कु. रानू वर्मा एम.ए. राजनीति चतुर्थ सेमे.
7.	स्व. श्री ओंकार प्रसाद शर्मा (गुरूजी) स्मृति पुरस्कार (सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी – विज्ञान संकाय गणित)	श्री शालिकराम शर्मा जनपद पंचायत सदस्य, धरसींवा	रईसुन्नीशा बी.एससी. अंतिम गणित
8.	स्व. श्री राम कुमार अग्रवाल की स्मृति में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी एम.ए. हिन्दी सहित्य	डॉ. श्रीमती सुलेखा अग्रवाल सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)	कु. मंजू धीवर एम.ए. हिन्दी, चतुर्थ सेमे.
9.	स्व. डॉ. जी.पी.राय स्मृति पुरस्कार (सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी – विज्ञान संकाय जीवविज्ञान)	श्री कौशल किशोर सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान)	कु. शारदा जागड़े बी. एससी. अंतिम बॉयो
10.	स्व.श्री रामश्वर राम महोबिया स्मृति पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)	श्री अनिल कुमाार महोबिया क्रीड़ा अधिकारी	श्री प्रदीप वर्मा बी.कॉम प्रथम
11.	स्व.श्रीमती लक्ष्मी देवी चौधरी (माता) की स्मृति पुरस्कार (स्नातक अंतिम में सर्वाधिक अंक)	डॉ. श्रीमती संध्या सिंगारे प्राध्यापक, (राजनीति शास्त्र)	कु. रमा मानिकपुरी बी.एससी. अंतिम गणित
12.	स्व. श्री हेमंत कुमार सिगारे की स्मृति पुरस्कार (रवि.वि.वि. की प्राविण्य सूची में 7वॉं स्थान)	डॉ. श्रीमती संध्या सिंगारे प्राध्यापक, (राजनीति शास्त्र)	श्रीमती गीता वर्मा एम.ए. राजनीति
13.	स्व. श्री जोहना राम एवं मोहिनी बाई स्मृति पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक – रा.से.यो.)	सुश्री अदिती भगत सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)	कु. योगेश्वरी गोस्वामी एम.ए. द्वितीय हिन्दी
14.	स्व. श्री फिलिप कुजूर स्मृति पुरस्कार (समाजशास्त्र विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी)	डॉ. रश्मि कुजूर सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)	कु. सपना गोस्वामी बी.ए. अंतिम

कविता

शब्द सुमनांजलि

जोगी सा जीवन है जिया ,
विष हरदम प्याला पिया,
देश धर्म के खातिर जिसने
अरमानो को हरदम सिया।
मधुर कल्पना मधुर थी यादें
संग थी चुंबन की सौगाते
मगर शत्रु ने किया वार जब
केवल मातृभूमि के वादे।

लगा जान की बाजी अपनी
धरती को बना के सजनी
तन मन सब वार दिया
चिरनिद्रा में महाप्रयाण।
रक्षक रक्षा करते हुए
आहुति दे मन प्राण,
किया गमन परलोक मे
शहादत देकर महान।

*** 14 फरवरी पुलवामा मे आतंकवाद की भेट चढ़े 44 जवानों के प्रति शब्द श्रद्धांजलि ***

डॉ. मीता अग्रवाल
अतिथि व्याख्यता, हिन्दी विभाग

मैं ढूंढ रहा हूँ

अंधों की बस्ती में आईने की दुकान ढूंढ रहा हूं
मैं इंसानों में आजकल इंसान ढूंढ रहा हूं।
अमन शांति भाईचारा यह सब सुना तो बहुत है
कहीं देख भी पाउ बस ऐसा एक जहान ढूंढ रहा हूं।
पागल हूं जो सोचता हूं, कि पीतल भी सोना हो जाएगा
बेईमानों की बस्ती में इमान ढूंढ रहा हूं।
जहर बहुत घोला है शब्दों ने हवाओं में
बस जुबा मीठी कर दे ऐसे पकवान ढूंढ रहा हूं।
दिललगी ना सही बस दिल को ही लग जाए
उस हसीन चेहरे की एक मुस्कान ढूंढ रहा हूं।
आजाद तो है फिर भी गुलामी सी लगती है
वह सोने की चिड़िया वाला हिंदुस्तान ढूंढ रहा हूं।

गोपाल अग्रवाल
एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर राजनीति विज्ञान

वक्त (समय)

सारी खुशी है लोगों के जीवन में.........
पर मुस्कुराने के लिए वक्त नहीं।
माँ बाप के प्यार का एहसास है.......
पर दोनों के पास पाँच मिनट बैठने का वक्त नहीं।
अब ऑलाईन सबसे बातें हो जाती है........
पर दोस्तों से मिलने का वक्त नहीं।
आँखों में नींद तो है........
पर सुकून से सोने के लिए वक्त नहीं।
सुद–दुख का एहसास तो है......
पर हसने रोने के लिए वक्त नहीं।
भाग दौड़ से भरी इस दुनियां में.....
जीवन जीने के लिए वक्त नहीं।
अब पता नहीं वक्त के साथ जिंदगी में कहाँ जाना है,
एक दिन तो वक्त को छोडकर ही जाना है।
इससे पहले कुछ वक्त ही सही.......
जिंदगी को जी कर देखो
वक्त से जिन्दगी हसीन है......
इसे महसूस कर के देखो।।

वरुण साहू
एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर

मेरा गाँव बहुत प्यारा था

एक दरिया था और एक किनारा था,
मेरा गाँव बहुत ही प्यारा था।।

छत टपकती थी बारिशो में कभी,
घर था कच्चा, मगर हमारा था

हाथ सर पर किसी का होने से
दिल को दरस सी थी... सहारा था

छोड़ कर सब वहां चले आये,
हमको दीवानगी ने मारा था।।

दिल जो सावन में मिल के धड़के थे
एक तुम्हारा था.. एक हमारा था

ले चल मुझे फिर वहीँ,
मैंने बचपन जहाँ गुज़ारा था।

एक दरिया था और एक किनारा था,
मेरा गाँव बहुत ही प्यारा था।।

गोपाल अग्रवाल
एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर राजनीति विज्ञान

अमर श्रद्धांजलि

............पुलवामा घटना............

आज कुछ सियारो ने छल से
शेरो को है मार दिया।।
जो नहीं होना था '' पुलवामा में ''
धटना को अंजाम दिया।।
जिसने छुपकर घात किया,
खत्म करो उन गद्दारो को।।
शेर पे वार क्या होता है,
बतला दो उन सियारो को।।
जिसे धरती का स्वर्ग है कहते,
नरक में तुमने बदल डाला।।
माँ भारती के हरे आँचल को,
खुन से तुमने रंग डाला।।
200 किलो आर डी एक्स
डस पर मोढर कार थी।।
जो देश में रहकर देशद्रोह करे
पहचानो ऐसे कायरो को।।
वीर जवानो की शहादत पर
पुरा देश रोया है।।
माँ भारती ने अपने
44 सपुतो का खोया है।।

सुनी हो गई माँ की गोद,
पत्नी का सिन्दुर मिटा।।
बच्चे बाप को तरस गये,
बुढे पिता का सहरा छुटा।।
धरी रह गई बहनो की राखी,
भाई से भाई का प्यार मिटा।।
माँ भारती के समर्पित जवानो का,
सुनहरा संसार गया।।
जागो मेरे वीर जवानो,
बदला लो गद्दारो से।।
हर हमलावार की लाश बछा दो,
अब अपनी तलवारो सें।।
जो शहीद हुए उन वीरो के,
शहादत का तुम सम्मान करों।।
झुकने न दे माँ भारती का सर,
बस इतना सा तुम काम करों।।
अब कहा जाकर छुपोगें,
कौन तुम्हे बचाएगा।।
देश भक्त जवानों की दहाड़ से,
मौत की थर्राएगा।।

आरती देवांगन , एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिन्दी

माँ तुम भगवान का रूप दो

माँ तुम भगवान का रूप हो।
मेरी खुशीयो का स्वरूप हो।।
अनके दुख सहकार हमें खुश रखा।
हमें अपना हिस्सा खिलाकर स्वयं व्रत रखा।।
कैसे चुकाउ ममता के कर्ज मैं तेरे।
सौ जन्म लेकर भी न चुका पाऐंगे भुजाऐं मेरे।।
खुशी इस बात की तुम्हारी कोख से जन्म लिया।।
गम इस बात की आज तक तुम्हें कुछ न दिया।।
तेरे संस्कारों से ही सीखा मैने।
बड़ो का सम्मान छोटो से स्नेह करना मैने।।
बस यही प्रार्थना है कान्हा से मेरी।
जब–जब जन्म लू वह कोख हो तेरी।।
मॉ तुम भगवान का रूप हो।
मेरी खुशीयों का स्वरूप हो।।

दुर्गेश्वरी कश्यप, स्वयं सेवक ,रा.से.यो

आव्हान

कायरता का तेल चढ़ा हैं, लाचारी की बाती पर।
दुश्मन नंगा नाँच रहा है, भारत माँ की छाती पर।।
दिल्ली वाले इन हमलों पर, दो आँसू रो देते हैं।
कुत्ता एक मारने में हम कई शेर खो देते है।।
अब केवल आवश्यकता है हिम्मत की खुद्दारी की।
दिल्ली केवल मौका दे, दे बस दो दिन की तैयारी की।।
सेना को आदेश थमा दो, घाटी गैर नहीं होगी।
जहाँ तिरंगा नहीं मिलेगा, उसकी खैर नहीं होगी।।
भारत एक अखक राष्ट्र है, सवा अरब की ताकत है।
हमको कोई आँख दिखा दें, किसकी भला हिमाकत है।।
भारत माता का बटवारा है जिनकी अभिलाषा में।
वो समझेंगे अर्जुन के गाण्डीव धनुष की भाषा में।।
घरती अम्बर और समन्दर को ये भाषा बतला दो।
दुनिया की हर पंच सिकन्दर को ये भाषा बतला दो।
गीली मेंहदी रोई होगी, चुपके–चुपके कोने में।
ताजा काजल छुटा होगा, धुप–छुप करके रोने में।
जब बेटे की अर्थी आयी होगी, धर के सुने आंगन में।
शायद दुध उतर आया होगा, बुढ़ी माँ के आँचल में।

आरती देवांगन , एम.ए. द्वितीय, सेमेस्टर

पानी पानी कर देंगे

माँ बाप के जीने का सहारा था वो बेटा
जिस बेटे पर धोखे से वार किया पाकिस्तानों ने
अरे हिम्मत है तो सामने से वार कर ऐ गद्दार
पूरा पानी –पानी कर देगे तुझे ऐ पाकिस्तान
जागो ऐ नौजवान भारत माँ कि सन्तान
कतरा–कतरा सिमट–सिमटकर बन जा एक तूफान
पूरा पानी –पानी कर देगे तुझे ऐ पाकिस्तान
लहू रंगो में उबल रहा है, आज ये काम आयेगा
जहाँ गिरेगी एक–एक बूँद वहाॅ किला बन जायेगा
पाकिस्तान तुमने हमारे वीर जावानो की खुनो से वैलेडारडे मनाये
हम तुम्हारे खुनो से होली मनायेगे
हमारे वीर शहीदो की कसम
पूरा पानी–पानी कर देगे तुझे ऐ पाकिस्तान

रिकेश्वरी वर्मा, एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर

कागज का है खेल सलोना

कागज का है खेल सलोना ।
स्याही पड़े तो बन जाए सोना।।
पेड़ काटकर बनाया यह कागज
व्यर्थ न गवाओं यह कागज।।
देखा मैने एक दिन काट रहे थे पेड़ लोग।
मैने कहा क्यो लेते हो पाप अपने सर पे लोग।।
नहीं–नहीं है पाप यह काम है हमारा।
इसी से तो बनेगा कागज ढेर सारा।।
बच्चे कागज से बनाते है खिलौना।
नालो में छोड देते है नाव बनाकर सुन्दर सलोना।।
कागज से बनाते चिड़िया और बनाते है फूल।
बस, ट्रेन बनाकर बच्चें हो जाते है सुपर कूल।।
पत्रकार के है यह शान।
सच छाप कर बढ़ाते अपना मान।।
कागज का है खेल सलोना।
स्याही पड़े तो बन जाए सोना।।

दुर्गेश्वरी कश्यप, एम.ए. द्वितीय, हिन्दी

बचपन

जीवन की कश्मकश् से बेखबर है बचपन..
खुशियो भरा विशाल समंदर है बचपन..।।
घर की किलकारी और हुडदंग है बचपन..
अपनो की डाट और उसमें छुपा प्यार है बचपन..।।
तोतली बोली में छुपा मिठास है बचपन..
माँ –पिता और सभी का दुलार है बचपन..!!
भविष्य की चिंताओ से अनजान है बचपन..
माँ की ममता का वरदान है बचपन..।।
हर मुश्किलों से लड़ने को तैयार है बचपन..
अगर पिता की छाया में सुरक्षित है बचपन..।।
सिर्फ प्यार और प्यार है बचपन..
जिंदगी का सबसे सुंदर अहसास है बचपन...।।

भागवत देशमुख , बी.एस.सी. प्रथम

छत्तीसगढ़ी छटा

बेटी

बेटा बेटी एक समान, |
राखव हरदम एकर मान ||
भेदभाव झन करव सियान |
दोनों कुल बर होय महान ||
बाढय अँगना घर के मान |
चेत लगा के सुन लव कान ||
पढ़ा लिखा के करव सियान |
बेटी होथे कुल के आन ||

बेटी कोमल फूल सुवास |
उज्जर चकचक रहे अवास ||
खुशी बिखेरे खिल खिल हाँस |
एकर बिन घर सून उदास ||
ऐकर होवय रूप हजार |
कोख पडत झन ऐला मार ||
हवय सृष्टि संरचना कार |
बेटी ले हे घर परिवार ||

डॉ. मीता अग्रवाल
अतिथि व्याख्याता , हिंदी विभाग

मोर मन के बात मैं बतांव कइसे

मोर मन के बात मै बतावँ कइसे,
आजादी के मतलब समझाँव कइसे,

अमीर गरीब के ये खेल ल समझाँव कइसे,
अमीर के लईका ला देखथव त झुलना म झुलथे
गरीब के लईका ला देखथव त फका म झुलथे
संगे फरक दोनों कम कतेक पडथे

मोर मन के बात मै बताँव कइसे ||
एक झन ल देखत त हवा म उड़थे
दूसर ल देखत त गोड म उड़थे
एक झन ह अपन नागर ल चलावत हे
छानही के कुरिया सरंग पावत हे
ठही धरती म दुनो जिनगी ल बिताथे
कभु कृश्ण सुदामा करा मिले जाथे
फूल भर के महाचाही हाथ मिलके सिराथे
फेर फरक दोनो कतेक पड़थे ||

योगेश्वरी गोस्वामी, एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर (हिन्दी)

का कहिबे संगवारी जमाना शराब में बीके हे

का कहिबे संगवारी जमाना घलो शराब मा बीके हे
आज के लईका अऊ सियान पीये बर सिखे हे
खासत रिथे गॉव के खल्हा डोकरा 2
ओखरो सांस हा बिड़ी मा टिके हे
का किबे संगवारी जमाना घलो शराब में बीके हे।।

गॉव शहर के संगसी संगसी मा ऐखर हे भट्टी
का रोबे का गाबे मरनी – ऐखरो बर हे छट्टी 2
अरे जिहीं करा पाथे तिही करा 2 जय बम – भोले के तिरथे
चलाथे फटफटी ला रफतार में, बीच सड़क में जा के गिरथे

शराब पीना शरीर बर हानिकारक हरे 2
अइसन घलो सियाही खइता लिखे हे
का किबे संगवारी जमाना घलो शराब में बीके हे।।

रिकेश्वरी वर्मा
एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर हिन्दी

भ्रष्टाचार

अऊ कहां ले लस लस चुरे अंगाकर,
अऊ नई हे चाउर पिसाना,
अऊ सरी चीज महंगी होगे छूटे जात परान,
बड़ करलई हे भगवान बतोवव कइसन करय किसान,
शक्कर ला खादिच चाटी, अऊ तेल ला पी दिच मुसवा,
अऊ जनता होगे रिंगी–चिंगी, नेता होगे कुसवा,
अऊ महंगाई हा टोनही होगे, अऊ भ्रष्टाचार हा मशान,
बड़ करलई हे भगवान.............।।

योगेश्वरी गोस्वामी
रा.से.यो. स्वयं सेवक

मे किसान के बेटा अंव

मे किसान के बेटा संगी, मे किसान के बेटा अंव
माटी ले सोना उपजाथंव, धरती के सेवा बजाथंव,
गरमी सर्दी कुछ रहाये, तभो ला मे नई सुरताबंव।।
कलजुग हर मोर पार नई पाइस, कलजुग घलो मा त्रेता अंव,
मे किसान के लईका रे संगी, मे किसान के बेटा अंव।।
मेहनत मोर पूजा संगी, माटी हर भगवान रे,
टप–टप चूत्थे मोर पसीना, काबर हव हैरान रे।।
झूठ लबारी दुरिहा मोर ले, मे अपन माटी के नेता अंव,
मे किसान के लईका रे संगी, मे किसान के बेटा अंव।।

कृष्ण कुमार साहू, बी.ए.तृतीय

मोर धरसींवा गाँव

कतेक सुघ्घर लगथे मारे धरसींवा गॉव ह अब्बड सुघ्घर लगथे ' मोर धरसींवा बसे हे खारून नदी 'के तीर' म मोर गाँव धरसींवा ह अब्बड़ सुघ्घर लागथे। चरौदा मन्दिर हवे इंहा के शान जिहाँ विराजथे हमर डमरू वाला बम भोला ह। जिहाँ विराजथे हमर डमरू वाला बम भोला ह। जिहाँ पुन्नी मा हर बद्दर मेला भराथे, दूरिहा–दूरिहा ले आथे ए चरौदा मन्दिर ल धुमे ला। त जम्मो झन ला आकर्शित करथे हमर खारून नदी ह।

खारून नी 'के तीर मा बसे हे बरतनारा गाँव जिहां बनथे आनी –बानी के कला दीया कलशा, सुवारी माता रानी के मूर्ति घलो बनथे। हमर कुँरा गाँव के मन्दिर– मस्जिद ह सिखाथे मानवता के पाठ–पठाथे। जिहॅा हिन्दू मुस्लिम ह एक जगहा रिथे, अइसन हे मोर धरसींवा गाँव। हमर मोहदी गॉव म रावण आकृति मूर्ति के पूजा धलो होथे।

पिकनिक स्पॉट जइसे लागथे खारून नदी के तीर हा। त इंहा के ''श्यामाचरण कॉलेज देथे आधुनिक शिक्षा, शोध होथे इंहा के महाविद्यालय म अइसन शान हावे मोर धरसींवा गाँव के। चाँदनी जइसे चमकथे इंहा के जनपद पंचायत ह। ता भैरव– बाबा धाम हा बढ़ाथे इहा के शोभा ला, बोहरहि के मन्दिर हवे एला प्राचीन स्थल माने गे हे। बड़ शान हावे मोर धरसींवा गाँव के।

प्रफुल्ल वर्मा, बी.कॉम.प्रथम

– // हाथी और बंदर // –

एक हाथी था, उसका मित्र बंदर था। लेकिन एक दिन उन दोनो की मित्रता टूट गई। तो हाथी और बंदर अलग–अलग हो गए। एक दिन बंदर ने हाथी को चिढाया। वह बोला – लंबी सूंड, सूपा जैसे कान, मोटे–मोटे पैर। यह सुनकर हाथी को गुस्सा आया तो वह भी बंदर को चिढाने लगा। इतनी लंबी पूंछ काला मुंह का बंदर। उसने हाथी को नाखून गडा दिए, तो हाथी ने उसको सूंड से पकड़कर गोल–गोल घुमाकर नदी में फेंक दिया तो बंदर चिल्लाने लगा।

हाथी मुझे बचाओ –बचाओ। हाथी को दया आ गई और उसे पानी से बाहर निकाल लिया। बंदर ने हाथी से माफी मांगी, मुझे माफ कर दो। हाथी ने बंदर को माफ कर दिया और दोनो फिर से अच्छे मित्र बन गए।

इस कहानी से हमें यह शिक्षा मलती है कि बाह्य आकर्षण और सुन्दरता उतनी महत्वपूर्ण नहीं, जितनी आन्तरिक हद्वयगत सुन्दरता होती है। जो विपत्ति पड़ने पर दूसरे के काम आ सके।

सुरेखा वर्मा
एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर हिन्दी

– // मिट्टी और कुंभकार // –

बार–बार पैरों तले कुचले जाने के कारण मिट्टी आपने भाग्य पर रो पड़ी। ओह! मैं कैसी बदनसीबी हूँ, कि सभी लोग मेरा अपमान करते हैं, कोई भी सम्मान की दृश्टि से नहीं देखता जबकि मेरे ही भीतर से प्रस्फुटित होने वाले फूल का कितना सम्मन है। फूलों की माला पिरोकर गले में पहनी जाती है। भक्त लोग अपने अराध्य के चराणें में चढाते है। स्त्रियां अपने बालों में गूंथ कर गर्व का अनुभव करती है। क्या ही अच्छा हो कि मैं भी लोगों के मस्तिश्क पर चढ जाऊं।

मिट्टी के अंदर से निकलती हुई आह को जानकर कुंभकार बोला मिट्टी बहिन् तुम यदि सम्मान पाना चाहती हो तो तुम्हे बड़ा सम्मान दिला सकता हूं लेकिन एक शर्त है। तुम्हारी जितनी भी शर्ते हो मुझे सभी स्वीकार हैं। बस मुझे लोगो के पैरों तले से हटा दो, कुंभकार की बात को बीच में ही काटते हुए मिट्टी ने कहा।

तो फिर ठीक है, तैयार हो जाओं, कहते हुए कुंभकार ने जमीन खोदकर मिट्टी बाहर निकाली। गधों की सवारी कराता हुआ उसे घर ले आया। पानी में डालकर उसे बहुत देर तक गीली रखा। इतना ही नहीं फिर पैरो से उसे खूब रौदा। कश्टो को सहते हुए मिट्टी बोली, अरे भाई! बहुत कष्ट दे रहे हो। कब मुझे सम्मान का पात्र बनाओगे ? मिट्टी बहिन। धैर्य रखो।

अभी सहती जाओ, तुम्हे मधुर फल जरूर मिलेगा। कुंभकार की बात सुनकर मिट्‌टी कुछ नहीं बोली।

कुंभकार ने मिट्‌टी को चाक पर चढाया और उसे तेजी से धूमाते हुए घड़े का रूप दिया। फिर धूप में सुखाया। कश्ट सहते–सहते जब मिट्‌टी का धौर्य टूटने लगा तो कुंभकार बोला, 'बस बहन!' अब केवल एक अग्नि –परीक्षा ही शेश है। और सभी में तुम उतीर्ण हो चुकी हो। यदि उसमें भी उत्तीर्ण रही तो लोग सती–सीता की तरह तुम्हे भी मस्तक पर चढा लेंगे। सीता को लोग सिर झुकाकर सम्मान देते है। किन्तु तुम्हें तो सिर पर सजा कर धूमेंगी।

आखिर मिट्‌टी ने सब कुछ सह कर अग्नि परीक्षा भी उतीर्ण कर ली। फिर क्या था ! सचमुच सुंदरियां उसे सिर पर उठाए फिरने लगी। मिटटी अपने सम्मान पर प्रफुल्लित हो उढी।

कथा का सार यह है कि, सम्मान पाने के लिए कष्ट सहने ही पडते है। परिश्रम, सहनशीलता व धैर्य के फलस्वरुप ही सम्मान की प्राप्ति होती है।

सुरेखा वर्मा
एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिन्दी

– // बुरे वक्त की जमा पूंजी // –

एक किसान था। इस बा र वह फसल कम होने की वजह से चिंतित था। घर में राशन ग्यारह महीने चल सके उतना ही था। बाकी एक महिने का राशन कहां से इंतजाम होगा यह चिंता उसे बार–बार सता रही थी। किसान की बहू का ध्यान जब इस ओर गया तो उसने पूछा, पिता जी आजकल आप किसी बात को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। तब किसान ने अपनी चिंता का कारण बहू को बताया। किसान की बात सुनकर बहू ने उन्हें आश्वासन दिया की वह किसी बात की चिंता न करें। उस एक महीने के लिए भी अनाज का इंतजाम हो जाएगा। जब पूरा वर्श उनका आराम से निकल गया तब किसान ने पूछा कि – आखिर ऐसा कैसे हुआ ? बहु ने कहा – पिताजी जब से आपने मुझे राशन के बारे में बताया तभी मैं जब भी रसोई के लिए अनाज निकालती उसी में से एक – दो मुट्‌ठीहर रोज वापस कोठी में डाल देती है। बस उसी की वजह से बारहवें महीने का इंतजाम हो गया।

कहानी की सीख : इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि जीवन में बचत की आदत डालनी चाहिए। ताकि किसान की तरह बुरे वक्त में जमा पूंजी काम आ सके।

प्रतिमा साहू
एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर हिन्दी

– // धान के खेत में चोर – एक सत्यकथा // –

धान के खेत मे घुस,चोरों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया।
धान रोपी ही थी,घुसकर कोहराम मचाना शुरू कर दिया।।

धान की पौधों को लेकर,कुछ चोरों को भगाना शुरू कर दिया।
फिर दलदलनुमा मिट्टी में,उछलना कूदना शुरू कर दिया।।

कीचड़मय शरीर कर,किसान को डराना शुरू कर दिया।
जो भी उन्हें भगाने आये,कीचड़ उछालना शुरू कर दिया।।

भयभीत कर उन्होंने किसान की जमी,हथियाना शुरू कर दिया।
हमने पूंछा दद्दा से,दद्दा बोले कलयुग ने दुष्प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया।।

ये क्या गांव गरीब किसान ने,आंसू बहाना शुरू कर दिया।
धान के खेत मे घुस,चोरों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया...

तोरण वर्मा, बी.ए. तृतीय

ज्ञानवर्धक

– // विद्यार्थी के लिए चाणक्य नीति का महत्व // –

1) काम, क्रोध, लोभ, स्वाद, श्रृंगार (रति) कौतिक (मनोरंजन), अतिनिद्रा एवं अतिसेवा– विद्या की अभिलाषा रखने वाले को इन आठ बातों का त्याग कर देना चाहिये।
2) पुस्तकों में लिखी विद्या और दूसरों के पास जमा किया गया धन कभी समय पर काम नहीं आते। ऐसी विद्या या धन को न होने के बराबर ही समझना चाहिए।
3) आलसी व्यक्ति या छात्र का न तो वर्तमान होता है और न भविष्य।
4) इस बात को बाहर मत आने दीजिये कि आपने क्या करने के लिए सोचा है, इसे रहस्य ही बनाये रखना अच्छा है और इस काम को करने के लिए दृढ रहिये जब तक कार्य सफल नहीं हो जाता.
5) जल के एक–एक बूँद के गिरने से धीरे–धीरे घड़ा भर जाता है। इसी प्रकार सभी विद्या, धर्म और धन–संचय धीरे–धीरे ही होता है।
6) कोई काम शुरू करने से पहले, स्वयं से तीन प्रश्न कीजिये कि मैं ये क्यों कर रहा हूँ, इसके परिणाम क्या हो सकते हैं और क्या मैं सफल हो पाऊंगा? जब गहराई से सोचने पर इन प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर मिल जायें, तभी आगे बढ़ना उचित है.
7) जब आप किसी काम की शुरुआत करते हैं तो असफलता से मत डरें और उस काम को ना छोड़ें. जो लोग ईमानदारी से काम करते हैं वो सबसे प्रसन्न होते हैं और उन्हीं की उन्नति होती है.
8) विद्वान की प्रशंसा सभी लोगों में होती है। वह सर्वत्र पूजा जाता है। विद्या से सभी प्रकार का लाभ प्राप्त होता है, विद्या की पूजा सर्वत्र होती है। इसीलिए अधिक से अधिक ज्ञान अर्जन कीजिये।
9) पुस्तकों के पढ़ने से विद्या नहीं आती, वह गुरू के सान्निध्य से प्राप्त होती है।
10) जिसके पास न विद्या है, न तप है, न दान है और न धर्म है, वह इस मृत्युलोक में पृथ्वी पर भार स्वरूप मनुष्य रूपी मृगों के समान घूम रहा है। वास्तव में ऐसे व्यक्ति का जीवन व्यर्थ है. वह समाज के किसी काम का नहीं है।

सुश्री. अदिती भगत, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य

– // आओ बूझे छत्तीसगढ़ी जनऊला // –

1) ठुड़गा रूख म बुड़गा नाचे।
2) कारी गाय कलिन्दर खाय, दुहते जाय पनहाते जाय।
3) नानचून टूरा, कूद–कूद के पार बाँधे।
4) तरिया पार में फट–फीट, तेकर गुदा बड़ मिठ।
5) एकझन कहे संझातिस झन, दूसर कहे पहातिस झन।
6) पूछी में पानी पियय, मूँड़ी ललीयाय।

7) करिया बईला बैठे हे, लाल बईला भागत हे।
8) हरियर भाजी, साग में न भात में, खाय बर सुवाद में।
9) उपर पचरी नीचे पचरी, बीच में मोंगरी मछरी।
10) नानकुन टूरा, गोटानी असन पेट, कहाँ जाथस टूरा, रतनपुर देश।

उत्तर – 1.टंगिया 2. कुँआ 3.सुई 4.नरियर 5.दिन–रात 6.दिया 7.आगी 8.पान 9.जीभ 10.नरियर

डॉ मीता अग्रवाल
अतिथि व्याख्याता हिन्दी

जनउला पहेलियाँ

1) फाँदे के बेर एक ठन, ढीले के बेर दू ठन।
2) एक सींग के अइसन गाय जतके पाय ततके खाय।
3) एक रस्सी म तीन गठान नई जानेच त तोर ददा पठान।
4) पान गुजगुज फल लड़वा नई जानही तेकर भाई भड़वा।
5) लम्बा रास्ता एक मैदान चार खिलाड़ी एक कप्तान।
6) काँटे मा कटाय नहीं, भोंगे मा भोंगाय नहीं।
7) दिखे में लाल लाल, छिये में गूज–गूज, हा दाई चाबदिस दाई बड़ेक जन बूबू।
8) सुलुँग सपेटा फुनगी में गाँठ, नई जानही तेकर नाक लकाँट।
9) आय लूलू जाय लूलू, पानी ल डर्राय लूलू।
10) अइठे गोइठे पार म बइठे।

उत्तर 1.दतवन 2. जाँवा 3. ऊगंति 4.प्याज 5. हाथ 6.छाया 7.मिर्चा 8.बाँस 9.जूता 10.पगड़ी

अन्नपूर्णा साहू , एम.ए. द्वितीय , हिन्दी

मतदान

राजनीति को क्यूँ धिक्कारे।
अच्छा हो मतदान स्वीकारे।।

मतदान से लाभ होगा।
देश का विकास होगा।।

मतदान है जरूरी वह सीढी।
करे मतदान व्यस्क हर पीढ़ी।।

मतदान है जरूरी
जनजागरण की कोशिश हो पूरी।।

मतदान को न समझे व्यर्थ।
इसी में है विकास का अर्थ।।

दुर्गेश्वरी कश्यप
एम.ए. द्वितीय, हिन्दी , स्वयं सेवक रा.से.यो.

आलेख

स्वतंत्र भारत और युवा

हर घर में दिया भी जले अनाज भी हो,
अगर ऐसा न हो तो ऐतराज भी हो।
हुकूमतों को बदलना तो कुछ मुहाल नहीं,
हकूमतें जो बदल दे वो समाज भी हो।

आज भारत स्वतंत्र है। इस विशिष्ट अवसर पर हमने देश, समाज और संस्थान की प्रगति की समीक्षा की है। निष्कर्षतः' सकारात्मक और नकारात्मक विचारों की एक '' लंबी फेहरिस्त अपनी अपनी सुविधानुसार विश्लेषित की, और इसके बाद शुरू हुआ वो 364 दिन, जो हमने भारत को कोसने में लगाया, और हम भूल गए अपनी भूमिका अपनी भागीदारी।

भारत की स्थिति का अगर सटीक विभाजन किया जाय, तो यहां एक वर्ग वो है, जो पढा लिखा है और समीक्षा की सूझ बूझ रखता है, अच्छाई, बुराई को पहचानता है किन्तु विडम्बना है, कि वो इस उथल पुथल से अलगाव को ही अपनी सुरक्षा मानता है।

आबादी का दूसरा बडा हिस्सा जो अब तक अशिक्षित है, वोट बैंक है। आर्थिक अभावों से ग्रस्त यही तबका कभी जात–पात तो कभी मंदिर–मस्जिद की बलिवेदी पर चढता रहा है और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सत्ताधारी चुनता आया है। परिणामतः मिलता है, वही प्रदूशण, जो हमारे समाज में अंग्रेजो की फूट डालो और राज करो की विरासत है।

तीसरा वर्ग युवा शक्ति है, जिसके मजबूत कंधे भारत का स्तंम्भ है। इन्हे आवश्यकता सही मार्ग दर्शन की है। पुरानी पीढ़ी से कम्यूनिकेशन गेप से दोनों में कई मुद्दो को लेकर फर्क है किन्तु दोनों ही भारत को नई उँचाइयों पर देखना चाहते है। भारत ही एक ऐसा देश है। जिसकी युवा शक्ति ने भारत को नए आयाम दिए है।

राष्ट्रीय स्तर पर तो इन्होने भारत पर अपना परचम लहराया ही है, क्षेत्रीय स्तर पर भी ये जियाले आजादी के लिए मर मिटे है।

अतीत पर दृश्टि डाले तो 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, छत्तीसगढ का युवा सोनाखान के शहीद वीर नारायण सिंह की फांसी की याद दिलाता है। अंग्रेजो द्वारा दी गई यह फांसी न केवल आंतक का वातावरण निर्मित करने के लिए थी, बल्कि उनका उद्देश्य था कि, कोई दूसरा ऐसा दुस्साहस न करे, किन्तु नारायण सिंह की फांसी के 50वें दिन ही हनुमान सिंह जो '' मेग्जीन लश्कर '' के पद पर आसीन थे, अंग्रेज अधिकारी सिडवेल की हत्या कर दी। सजा जानते हुए भी ऐसा कारनामा कर गुजरना भारतीय युवा जिगर का ही काम था। इसके बाद तो अंग्रेजो को भारत से खदेड़ने का हर कदम, चाहे महिला हो पुरूष, सोपान दर सोपान युवा शक्ति का सहयोग लेकर, आगे बढ़ता रहा और स्वतंत्रता प्राप्त हुई। परिणामतः भारत निरंतर आधुनिकता की आरे अग्रसर है।

आधुनिकता का सार है प्रगति, और प्रगति का अर्थ है, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मानव उपयोग उपलिब्धयॉ और नूतन ज्ञान।

भारत को विश्व शिखर पर नामित करने में सहस्त्रों बाधाए हैं, क्यो ? ये यक्ष प्रश्न है।

स्वामी विवेकानंद के अनुसार – आप हजारो समाज बना सकते है, आप हजारो संगठन बना सकते है, पंरतु

इनकी उपयोगिता नहीं है, क्योंकि यहां न मानव प्रेम है, न सहानुभूति।

केन्द्रीकृत नौकरशाही व्यवस्था में लगातार गिरावट आज प्रशासन तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन की बाट जोह रही है। चँहु ओर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार स्वआंकलन की आवश्यकता है। बाह्य आंतकवाद/आंतरिक आतंकवाद, जिसके अंतर्गत कुपोशण, भूखमरी, नक्सलवाद, अशिक्षा निरंतर फलफूल रहे है। संसद से लेकर मीडिया तक बाहरी आतंकवाद के हजारो हताहतो को लेकर हल्ला बोलते है। जबकि आंतरिक आतंकवाद की भयानकता में यह संख्या करोड़ो में होती है। दोशी सजा के अभाव में छूट जाता है। जातीयता, कामचोरी, झूठ, स्वार्थ, रिश्वत जैसे शब्द डिक्शनरी से निकलकर आत्मा में घर बना बैठे है। युवा पथभ्रमित है चारों आरे सट्टा, चोर बाजारी का बोलबाला है।

अगर उन्नति के साथी हम है।
तो क्या विघटन के जिम्मेदार नही।
गर चाँदनी को पाना है
तो क्या तपती धूप की दरकार नही।

समस्त स्थितियों पर दृश्टिपात करने पर सवाल यह उठता है, कि अपने सपनो के भारत में हमारी भागीदारी कैसे और किस क्षेत्र में हो ? पहले आप पहले आप कि बनिस्बत पहले हम पहले हम की आरे कदम बढ़ाए।

परिवार प्रथम पाठशाला है, अच्छे संस्कार महान व्यक्तित्व निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं और स्वस्थ समाज जन्मता है। समाज को प्रदूशित करने और होने से बचाएं। उत्तेजित भाशण, जाति विशेश पर टिप्पणी, स्वयं को उच्च और दूसरे को निम्न न समझे। आज ''मनी इज़ लाइफ'' का कांसेप्ट हर युवा हृदय पर हावी है। एक रात में अमीर बनने की लालसा इन्हें गला काट प्रतिस्पर्धा, साइबर क्राइम जैसे अपराध की आरे खींच रही है। पैसे का मोल और सही उपयोग आवश्यक है। चरित्र निर्माण स्वस्थ समाज की नींव है जो गहरी होना आवश्यक है।

शिक्षा का क्षेत्र सबसे महत्वूर्ण है, श्रेष्ठ शिक्षा मानव मस्तिश्क को सही राह दिखाती है। भटकाव से बच निकलना शिक्षा का मूल मंत्र है। उच्च तकनीक, मेडिकल इंजिनियंरिग, पुलिस बैंकिग, फैशन, सिनेमा, संगीत हर वर्ग की अपनी महत्ता है। विदेशी पलायन से बचकर उत्तम शिक्षा का स्वदेशी दोहन भी सच्ची देश सेवा है।

राजनीति आज देश का सबसे भ्रष्ट और काजल की कोठरी माना जाने वाला क्षेत्र है पर क्यो ? सद्चरित्र ईमानदार, देशप्रेमी, क्यों राजनीति से दूर भागता है। वयोवृद्ध ही राजनीतिज्ञ बन सकता है, यह सोच बदलनी होगी। युवा मन की उंची उड़ान, नवीन प्रयोग और योजनाएं राजनीति में पहला कदम आवश्यक कारगर होगा। श्रेष्ठ कैरियर और मानसिक संतोष लाभदय होगा। युवा आगे बढ़े परिणाम आपना प्रमाण स्वयं देंगें।

आज आजादी संविधान से निकलकर चंद महानगरो में धूम रही है इसे उन इलाको की सैर कराए जहाँ जीवन आज भी अच्छी सड़को और रोशनी से दूर है। हर काम कोई दूसरा करेगा यह सोच छोड़नी होगी। क्योकि देश हमारा है सरकार के क्या कर्तव्य है याद दिलाने के बजाय अपने कर्तव्य का स्मरण करे।

सबको लड़ने ही पड़े अपने अपने युद्ध।
चाहे राजा राम हो या हो गौतम बुद्ध।

आने वाले वर्षो में युवा संसाधन अपना योगदान देगा। आर्थिक व्यवस्था का यह उदाल सामान्य लोगो

की बुनियादी जरूरते पूरी करेगा। वे भारत को नया सवेरा देगें क्योकि उनकी आत्मा में है, एक अदभुत रचनात्मकता, हृदय शांत करूणामय है और मस्तिष्क जागृत।

सैलाबो से आंख मिलाओ
तूफानो पर वार, करो।
मल्लाहो का दामन छोड़ो।
तैरकर दरिया पार करो।

